# आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
मंगलवार 15.04.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा – देश के प्रत्येक गरीब व्यक्ति को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना, केंद्र सरकार की प्राथमिकता है।
- कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी महिलाओं की ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।
- भारत का हज कोटा 2014 से 2025 तक लगभग 40 हजार बढ़ा।
- चमोली जिला प्र'ासन की टीम ने बदरीनाथ धाम यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, 30 अप्रैल तक बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवाजाही सुगम करने के निर्देश दिए।

**एम्स ऋषिकेश**

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा है कि देश के प्रत्येक गरीब व्यक्ति को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। श्री नड्डा आज एम्स ऋषिकेश के पांचवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को स्वर्ण पदक और डिग्री प्रदान की। दीक्षांत समारोह में कुल 434 छात्रों को डिग्री दी गई। श्री नड्डा ने कहा कि इस सदी की शुरुआत तक, भारत में केवल एक एम्स था, वहीं आज, देश में 22 एम्स संचालित हो रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने के जो कार्य हो रहे हैं, एम्स ऋषिकेश उनका एक सशक्त उदाहरण है। वहीं, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने एम्स ऋषिकेश में तैनात हेली मेडिकल सेवा का निरीक्षण किया और वहां तैनात पायलटों से संवाद किया। इसके अलावा उन्होंने एम्स के ट्रॉमा सेंटर में पिक्चर आर्काइविंग एंड कम्युनिकेशन सिस्टम का शुभारंभ करने के साथ ही विभिन्न सेवाओं का लोकार्पण किया।

**रेखा आर्या**

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी महिलाओं की ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। आज देहरादून में आयोजित उत्तराखंड पावर जूनियर इंजीनियर संगठन के 11वें महा अधिवेशन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अब महिलाएं आगे आ रही है, लेकिन अभी भी उनकी भागीदारी कम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी महिलाएं पुरुषों के बराबर हिस्सेदारी करेंगी। श्रीमती आर्या ने कहा कि जूनियर इंजीनियर्स की पदोन्नति की मांग पर सरकार की ओर से कमेटी इसलिए गठित की गई है, ताकि पदोन्नति में किसी तरह की तकनीकी विसंगति न हो। उन्होंने कहा कि कमेटी तय समय पर अपनी रिपोर्ट देगी।

## सहकारिता ऋण

पौड़ी जिले के खिर्सू विकासखण्ड सभागार में सहकारिता के माध्यम से युवाओं को शून्य ब्याज दर पर ऋण वितरित किया गया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अनुसूचित वर्ग की महिलाओं को सहकारिता से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रदे"ा सरकार ने राज्य में 2 लाख लखपति दीदियां बनाने का लक्ष्य रखा है।

सिंगोरी गांव की मीना देवी ने बताया कि उनके समूह को मिले पांच लाख रुपए के ऋण से महिलाओं ने कुछ न कुछ व्यवसाय किया, जिससे उनकी आर्थिकी मजबूत हुई है।

## हज कोटा

भारत से हज पर जाने वाले यात्रियों का कोटा बढ़ाकर इस वर्ष एक लाख 75 हजार कर दिया गया है। 2014 में यह संख्या एक लाख 36 हजार थी। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में इस संबंध में जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया है कि सऊदी अरब के दिशा–निर्देशों के अनुरूप उड़ान परिवहन मीना शिविर, रहने की व्यवस्था और अन्य सेवाओं सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंत्रालय ने बताया है कि भारत की हज समिति के माध्यम से मुख्य कोटा के तहत एक लाख बाइस हजार से ज्यादा यात्रियों की यात्रा का प्रबंध किया जा रहा है। वहीं बाकी कोटे में आने वाले यात्रियों की यात्रा के प्रबंध का जिम्मा निजी टूर ऑपरेटरों को दिया गया है।

## बदरीनाथ यात्रा तैयारी

बदरीनाथ धाम की यात्रा को लेकर चमोली जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने चमोली से बदरीनाथ धाम तक राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ही धाम में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को राजमार्ग पर चल रहे सुरक्षा कार्यों को यात्रा से पहले दुरुस्त करने और 30 अप्रैल तक बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग को सुगम करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने क्षेत्रपाल, छिनका, बिरही चाड़ा, पागलनाला आदि भूस्खलन क्षेत्रों में संचालित निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कुबेर गली, ब्रह्म कपाल, दर्शन लाइन, रिवर फ्रंट के निर्माण कार्यों, पेयजल लाइन और सीवर लाइन निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी निर्दे"ा दिए।

## मुख्यमंत्री उदीयमान योजना

बागेश्वर में मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना के जिला स्तरीय चयन ट्रायल का डिग्री कॉलेज मैदान में आयोजन किया गया। इसमें 300 छात्र–छात्राओं का चयन किया जाएगा। सभी चयनित खिलाड़ियों को डेढ़ हजार प्रतिमाह छात्रवृत्ति मिलेगी। जिला खेल अधिकारी किरन नेगी परिहार ने बताया कि इस योजना के सभी आयु वर्ग– 8 से 14 वर्ष के कुल 420 खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय ट्रायल में हिस्सा लिया है।

## इनर लाइन परमिट

चमोली जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में जाने के लिए इनर लाइन परमिट का ऑनलाइन पोर्टल चारधाम यात्रा के समय शुरू होगा। इसकी फीस 200 रुपये प्रति व्यक्ति रखी गयी है और एक दिन में 35 लोगों को ही इनर लाइन परमिट जारी किया जाएगा। इस संबंध में आज चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ये जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि परमिट के लिए व्यक्ति को जरूरी दस्तावेजों– जैसे पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट, पहचान पत्र, ऐफिडेविट और मेडिकल जांच रिपोर्ट आदि देने होंगे। 60 वर्ष से ऊपर के यात्री को मेडिकल रिपोर्ट के साथ इनर लाइन परमिट का पास दिया जाएगा। बैठक में बताया गया कि दो तरह के पास जारी किए जाते हैं। पहला लोकल ट्रांजिट पास है, जिसमें 2 दिन से ज्यादा की अनुमति होती है। यह पास चरवाहों को ध्यान में रखकर दिया जाता है। दूसरा इनर लाइन परमिट है, जिसमें यात्रियों को 2 दिन का पास दिया जाता है। इस परमिट से यात्रियों को नीति पास, माणा पास और रिमखिम पास से 16 टूरिस्ट लोकेशन पर जाने की अनुमति दी जाएगी।